# कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

नाम– *मुन्नी गुप्ता*
पति– *स्व0 राजेश गुप्ता*
पता– *नामुपाड़ा वार्ड सं0 12 पाकुड़।*
सर्वे कोड– 4849843
लाभुक का ईडी– 208017740176200018

नगर परिषद पाकुड़ क्षेत्र अन्तर्गत *मुन्नी गुप्ता, पति– स्व0 राजेश गुप्ता, पता– नामुपाड़ा वार्ड नं0 12* पाकुड़ की निवासी है। पति स्व0 राजेश गुप्ता की मृत्यु दस वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी। पति पेशे से मजदूर थे। राजेश गुप्ता मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे थे। पति की आकस्मिक मृत्यु एवं एक बेटा की मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण परिवार के ऊपर मानो दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। वर्तमान में मुन्नी गुप्ता दुसरे के घर पर बर्तन– चौका कर अपने तथा दो बच्चो का खर्च चला रही हैं। पूर्व में इनका मिटटी (अर्ध कच्चा) का मकान था। बरसात के दिनों में छत से पानी गिरने की वजह से बहुत सी परेशानी का सामना करना पड़ता था। दीवार के हर कोने जल का रिसाव एवं फर्श में जमाव होता था, ऐसी स्थिति में एक ही कमरे में चुल्हा–चौका बच्चो की पढ़ाई एवं अन्य कार्य असंभव सा प्रतीत होता था। घर एवं परिवार की दैनीय स्थिति देख कर बेटी की शादी भी नही हो पा रही थी। पूरा परिवार अत्यंत ही दुखी था। वर्ष 2018 में मुन्नी गुप्ता को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली उसने नगर परिषद कार्यालय से सम्पर्क किया। कुछ ही महीनों में जा¡चो उपरांत इन्हें पहले किस्त की राशि मिली, जिससे धैर्य के साथ इन्होने अपना पक्का का मकान बनाना आरंभ किया।



तीन–चार महीनों में सवा दो लाख रूपये मिलते ही उन्होने अपना पक्का का मकान एवं शौचालय का निर्माण कराया। आज पूरा परिवार अत्यंत खुश है एवं अपने अपनी बेटी का विवाह भी नये मकान से कराया। मुन्नी गुप्ता के शब्दो में प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा प्राप्त पक्का मकान उनके जीवन में मात्र सीमेंट एवं ईट का मकान ही नही अपितु यह उनके लिए सामाजिक मान–सम्मान एवं प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है।

